# रतलाम में पारा 44 डिग्री, चली लू

**दोपहर में सड़कों से लोग नदारत नजर आए**

**अधिकतम में 1.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी**

नवभारत न्यूज

**रतलाम। वीकेंड के बाद से लगातार बढ़ रही गर्मी ने रविवार को रिकार्ड तोड़ दिया। अप्रैल के पहले ही सप्ताह में रतलाम का तापमान 44 डिग्री पर पहुंच गया हैं। बेचेन करने वाले इस गर्मी से दोपहर में सड़कों से लोग नदारत नजर आए।**

सोमवार को सूरज ने हाहाकार मचा दिया। लोग परेशान हो गए। दिन में सड़के खाली-खाली नजर आई। अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं रविवार-सोमवार की रात का न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम में आई अचानक तेजी के कारण हर कोई परेशान है। सोमवार को सुबह से ही सूरज के तेवर तेज हो गए थे और दोपहर होते-होते तो बिल्कुल परेशान कर दिया दोपहर से शाम तक सड़के खाली-खाली नजर आई जबकि सोमवार को हाट बाजार का दिन था। बाजार में खरीदारी करने वाले ही नहीं अपितु सामग्री बेचने वाले भी काफी परेशान नजर आए। सड़क पर बैठकर व्यापार करने वाले तो हाहाकार करने लगे। गर्म हवा के थपेड़ों से झुलस रहे थे।



### सावधानी रखे

चिकित्सकों द्वारा सलाह दी जा रही है कि तेज गर्मी में बाहर निकलने पर सावधानी रखी जाए। बाहर निकलना आवश्यक हो तो छतरी व धूप के चश्मे का उपयोग करें। धूप में निकलने से पहले कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पीएं। बुखार व लू लगने पर अस्पताल में संपर्क कर उपचार ले। ओआरएस का घोल, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी, फलों का रस इत्यादि का सेवन लाभदायक रहेगा।

**ऐसे बढ़ रहा तापमान**

| | |
|---|---|
| 1 अप्रैल | 39.5 डिग्री |
| 2 अप्रैल | 40.0 डिग्री |
| 3 अप्रैल | 39.6 डिग्री |
| 4 अप्रैल | 40.0 डिग्री |
| 5 अप्रैल | 41.5 डिग्री |
| 6 अप्रैल | 42.6 डिग्री |



## ज्ञापन सौंप स्कूलों का समय बदलने की मांग

**रतलाम। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को डीईओ के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से स्कूलों का समय बदलने की मांग की गई।**

संघ के पदाधिकारी सोमवार को जिला शिक्षा कार्यालय पहुंचे। यहां सहायक संचालक राहुल मंडलोई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि नवीन शिक्षा क्षेत्र 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होने गया है। भीषण गर्मी प्रति दिन बढ़ती जा रही है। शैक्षणिक संस्थानों में नौनिहालों को भीषण गर्मी से राहत देने हेतु जन जातीय कार्य विभाग एवं शिक्षा विभाग में नवीन सत्र प्रात:कालीन किया जावे। ज्ञापन जिला अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय, जिला सचिव जितेंद्रसिंह चौहान, कविता त्रिवेदी, सुखदेव शर्मा, आनंदीलाल गांधी आदि ने सौंपा।

## जौनपुर के व्यापारी ने ठगे 12 .74 लाख रुपये

**जबलपुर, 7 अप्रैल.** जौनपुर के व्यापारी ने विश्वासघात करते हुए शहर के फर्नीचर कारोबार चपत लगाते हुए फर्नीचर दुकान से खिड़की दरवाजे कीमती 12 लाख 74 हजार 440 रुपये के रुपये हड़प लिए. तिलवारा पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है.

पुलिस के मुताबिक अशोक रंगा 58 वर्ष निवासी कृपाल चौक गुप्तेश्वर वार्ड मदनमहल ने लिखित शिकायत की कि उसकी शिवम फर्नीचर की दुकान है जिसमें लकड़ी से बने दरवाजे खिड़की, फर्नीचर आदि विक्रय करता है. राजन सिंह निवासी जौनपुर उत्तरप्रदेश का उसकी दुकान में वर्ष 2021 में आया था, जिसने उसकी दुकान से 12 लाख 74 हजार 400 रूपये का माल लिया, लेकिन भुगतान नहीं किया.

## मकान मालिक पर केस दर्ज

### छज्जा गिरने से किरायेदार महिला की हुई थी मौत

**जबलपुर, 7 अप्रैल. गोहलपुर थाना अंतर्गत गाजी नगर में 1 और 2 अप्रैल की दरमियानी रात एक मकान का छज्जा गिरने से महिला की मौत हो गई थी. मर्ग जांच में खुलासा हुआ कि मकान मालिक की लापरवाही के चलते हादसा हुआ था. काफी समय से मकान का छज्जा जर्जर था. परिजनों द्वारा अनेक बार सुधार कार्य कराने का कहने पर भी जर्जर छज्जे की मरम्मत नहीं कराई गई. जिसके चलते हादसा हुआ. पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी मकान मालिक के खिलाफ गैर इरादातन हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है.**

विदित हो कि मोहम्मद आबिद पत्नी शाहीन बानो और बेटी सना के साथ गाजी नगर में किराए के मकान में रहते थे. एक और दो अप्रैल की दरमियानी रात करीब 3 बजे मकान का अचानक छज्जा गिर गया था, जिसकी चपेट में परिवार आ गया था. हादसे में शाहीन बानो 38 वर्षीय की मौत हो गई थी जबकि पति आबिद और उसकी 7 साल की बेटी सना घायल हो गई थी दोनों के पैर में फैक्चर था. टीआई प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि मर्ग जांच के दौरान परिजनों के बयान लिए गए जिसमें पूरे मामले में मकान मालिक गुड्डा की लापरवाही उजागर हुई है. छज्जा काफी जर्जर हो चुका था, मरम्मत करने के लिए कई बार मकान मालिक से कहा था.

## डीजे बजाने वाले पर पुलिस ने की कार्रवाई

**झाबुआ,7 अप्रैल.** तेज आवाज में डीजे बजा रहा वाहन चालक पुलिस को देखते ही डीजे छोड़कर भाग गया. पुलिस ने डीजे जब्त कर लिया है.

शनिवार की शाम को पुलिस को सूचना मिली थी कि चौकी पिटोल क्षेत्र में एक व्यक्ति अपनी डीजे साउंड सिस्टम तेज ध्वनि में बजा रहा है. सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली की पुलिस टीम ग्राम बड़ी बावड़ी पहुंची, जहां कचरा पिता खीमा बबेरिया निवासी बड़ी बावड़ी के यहां शादी के कार्यक्रम में उक्त नंबर के आयशर वाहन के अंदर डीजे सिस्टम रखकर बहुत तेज आवाज में बजा रहा था. वाहन चालक पुलिस को देखकर अपना डीजे वहीं छोड़कर भाग गया.

## आग से 34 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल खाक

### जबलपुर में हुई घटना, मौके पर पहुंचकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

**जबलपुर, 7 अप्रैल.** रविवार दोपहर को मझौली के मोहनिया गांव में स्थित खेतों में अचानक आग भड़क उठी, जिससे करीब 35 एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई. आग किन कारणों से लगी अभी इसका पता नहीं लग सका है. आग की ऊंची-ऊंची लपटें देख ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी जिसके बाद सिहोरा और कटंगी से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची. लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड पहुंची तब तक गेहूं की फसल जलकर खाक हो चुकी थी. बाद में फायर ब्रिगेड के द्वारा आग को बुझाया गया. प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो कुछ ही मिनट में करीब 35 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई थी.



जानकारी के अनुसार आग की घटना की जानकारी लगते ही मौके पर कलेक्टर दीपक सक्सेना पहुंचे और उन्होनें मझौली तहसीलदार, पटवारी को निर्देश दिए कि घटना को लेकर जांच रिपोर्ट तैयार की जाए. जानकारी के अनुसार रघुनाथ राय व अन्य किसानों के खेत मोहनिया में मौजूद थे जो कि अग्निहादसे का शिकार हुए हैं.

**किसानों ने कहा...**

मझौली के मोहनिया गांव के किसानों ने नवभारत को बताया कि गर्मी आते ही इस तरह की घटनाएं घटित होने लगतीं हैं. खेतों में आग कई कई बार शरारती तत्व भी लगा देते हैं तो कई बार खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन में स्पार्किंग की वजह से भी खेत में आग लग जाती है.

## जॉय स्कूल संचालक कोर्ट में पेश, एक दिन की रिमांड पर

- पुलिस ने स्कूल संचालक को केरल से किया गिरफ्तार
- भगवान श्रीराम पर विवादित टिप्पणी करने का मामला

**जबलपुर, 7 अप्रैल. भगवान श्रीराम को लेकर विवादित स्टेटस लगाने वाले जॉय स्कूल के संचालक अखिलेश मेबन को विजय नगर पुलिस केरल से गिरफ्तार करने के बाद रविवार को जबलपुर लेकर आ गई, जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया. पुलिस ने आरोपी को एक दिन की रिमांड पर ले लिया है. जिससे बंद कमरे में सघन पूछताछ की गई है.**

विदित हो कि जॉय स्कूल के संचालक अखिलेश मेबन ने मंगलवार को सोशल मीडिया अकाउंट का स्टेट्स लगाया था जिसमें उसने भगवान राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. जिसके विरोध में हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता विजयनगर क्षेत्र स्थित स्कूल परिसर पहुंचकर तोड़फोड़ की थी. स्कूल संचालक के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली थी. इसके अलावा स्कूल में तोडफ़ोड़ करने वालो पर भी प्रकरण दर्ज किया गया था. जॉय स्कूल के संचालक के शहर छोड़कर भागने में मैनेजर की भूमिका संदिग्ध है. सूत्रों की माने तो संचालक को फरारी कटवाने में मैनेजर मददगार बना है, जिसने संचालक को फरारी कटवाने में मदद की है. पुलिस मामले में उसे भी आरोपी बनाने की तैयारी में है.



शुक्रवार को मेबन जैसे ही केरल कोच्चि एयरपोर्ट में पहुंचा था तो सीआईएसएफ ने उसे धरदोच लिया था. जिसकी सूचना जबलपुर पुलिस को दी गई. शनिवार सुबह विजय नगर पुलिस केरल पहुंची और मेबन को गिरफ्तार करने के बाद रविवार को जबलपुर लाया गया. इसके बाद उसे सबसे पहले कंट्रोल रूम ले जाया गया.

**विवादों से है पुराना नाता**

गौरतलब है कि अखिलेश मेबन का विवादों से पुराना नाता है. अभिभावकों से बदसलूकी, जबरन फीस वसूली से लेकर बंदूक दिखाकर धमकाने जैसे उस पर कई आरोप लग चुके है.

**कांग्रेस ने स्कूल को किया राममय**

युवा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष विजय रजक संगठन के साथियों के साथ पहुंचे और पूरे स्कूल परिसर में जय श्री राम लिख कर स्कूल परिसर को राममय कर दिया गया साथ ही अखिलेश मेंबन को सार्वजनिक तौर पर हिन्दू समाज से माफी मांगने की मांग की वरना उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई.

## सरलता की प्रतिमूर्ति थे केसरी : अरुण जैन

**ग्वालियर, 7 अप्रैल. कुशलता और बुद्धिमत्ता के महत्व को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन संगठन तथा व्यक्ति निर्माण के लिए समर्पण और सरलता का होना बहुत जरूरी है. कम पढ़े-लिखे और जेसी मिल में मजदूरी करने वाले बाबा केसरी प्रसाद चौधरी इन दोनों विशेषताओं के धनी थे.**

यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन ने बिरला नगर में केसरी कार्यालय के उद्घाटन समारोह में मुख्य वक्ता की आसंदी से कही.

शरद स्मृति सेवा न्यास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महामंडलेश्वर हरिदास महाराज जड़ेरुआ सरकार, पद्मश्री महेश शर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्वालियर विभाग संघचालक प्रहलाद सबनानी, न्यास अध्यक्ष राजेंद घुरैया मंचासीन रहे.




उल्लेखनीय है कि बाबा केसरी द्वारा दान किए गए घर को केसरी कार्यालय के रूप में निर्मित किया गया है. मुख्य वक्ता जैन ने बाबा केसरी की स्मृतियों में खोते हुए कहा कि बाबा साहब को इस दुनिया से गए 27-28 साल हो गए हैं. 1981 में मेरी प्रचारक के रूप में घोषणा हुई और बाबा भी संघ कार्यालय में कार्यालय प्रमुख के नाते रहने आ गए थे. इनके अलावा राधाकिशन ने भी अपना जीवन संघ को समर्पित कर राष्ट्रोत्थान न्यास भवन में रहने आ गए थे.

उन्होंने कहा कि ग्वालियर में संघ कार्य बढ़ाने में बाबा का अहम योगदान रहा है.

## 3 .72 लाख रुपये की शराब बरामद

**जबलपुर, 7 अप्रैल. सिवनी से जबलपुर लायी जा रही 3 लाख 72 हजार रूपए की शराब को पुलिस ने पकड़ा है. इसके साथ ही सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 458 बॉटल, एवं 1442 पाव अंग्रेजी शराब कीमती लगभग 3 लाख 72 हजार रूपये समेत 3 मोबाईल, दो कार जब्त की गई.**

बरगी थाना प्रभारी कमलेश चौरिया ने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से तिन्सी फाटक एवं आरटीओ चेक पोस्ट के पास ग्राम गजना एन एच 34 रोड में नाकाबंदी की गई. तिन्सी फाटक रेलवे ब्रिज के पास सफारी वाहन का रोका गया. ड्राईवर भागने में सफल हो गया, घेराबंदी कर उसके साथी शिवम सोनी 28 वर्ष निवासी दक्षिण मिलौनीगंज गोहलपुर को पकड़ा गया. तलाशी लेने पर भारी मात्रा में शराब जब्त की गई. शराब के सम्बंध में पूछताछ करने पर उक्त शराब साहिल यादव निवासी घमापुर की होना बताते हुये बताया कि साहिल यादव पीछे एक क्रेटा कार में शराब लेकर आ रहा है. इसी प्रकार आरटीओ चैक पोस्ट के पास ग्राम गजना एन एच 34 रोड में कुछ समय बाद सिवनी की ओर से एक बिना नम्बर की क्रेटा कार आती दिखी जिसे घेराबंदी कर रोका. चालक राजा उर्फ उग्रसेन नामदेव 22 वर्ष निवासी वीरेन्द्र चौधरी मार्ग मिलौनीगंज थाना गोहलपुर को पकड़ा गया. उसका साथी फरार हो गया. कार की तलाशी लेने पर शराब का जखीरा मिला.




## भगवान श्रीराम पर टिप्पणी, थाने का घेराव, एफआईआर

**जबलपुर, 7 अप्रैल.** भगवान श्रीराम पर सोशल मीडिया पर एक युवक ने टिप्पणी कर दी जिसके बाद आक्रोशितजनों ने गोहलपुर थाने का घेराव कर दिया. पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझाइश दी और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है. जानकारी के मुताबिक सोशल मीडिया पर नवाब खान नामक युवक ने भगवान श्रीराम पर टिप्पणी करते हुए अपशब्दों का प्रयोग किया है. जिसके विरोध में हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता पहुंच गए और हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया. आरोपी पर कार्यवाही की मांग गई. पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया तब प्रदर्शन समाप्त हुआ.

## पार्षद से धक्कामुक्की, बदमाश के घर में तोड़फोड़

**जबलपुर, 7 अप्रैल. तिलवारा थाना अंतर्गत क्रेशर बस्ती में अतिक्रमण को लेकर उपजे विवाद के बाद पहुंचे पार्षद के साथ बदमाश ने धक्कामुक्की कर दी. इसके बाद गुस्साएं लोगों ने**

**जबलपुर में थाने में हंगामा, धरना प्रदर्शन**

**पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया**

**बदमाश के घर में तोड़फोड़ कर दी. बाद में थाने में हंगामा और धरना प्रदर्शन हुआ जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज कर लिया है.**



जानकारी के मुताबिक तिलवारा थाना अंतर्गत क्रेशर बस्ती में रहने वाला साहिल 32 वर्षीय का क्षेत्र के हैडपंप के पास दीवार उठाते हुए कब्जा कर रहा था, जिसका रहवासियों ने विरोध किया. सूचना मिलते ही पार्षद अनुपम जैन पहुंच गए और उन्होंने साहिल को समझाने की कोशिश तो साहिल पार्षद से ही उलझ गया और धक्कामुक्की कर दी और फरार हो गया, जिसके बाद कुछ लोगों ने साहिल के घर में घुसकर उपद्रव मचाते हुए तोड़फोड़ की. बाद में साहिल के विरोध में पार्षद अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंच गए और धरने पर बैठ गए. इस बीच दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे पर आरोप- प्रत्यारोप लगाते रहे.

**दर्शन एवं पूजा अर्चना** | राम नवमी पर पीतांबरा सिद्धपीठ में दर्शन के लिए लगी रहीं लंबी कतारें

## मां बगलामुखी धाम पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

**नलखेड़ा, 7 अप्रैल. चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी पर पीतांबरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थित माता मंदिरों पर पूरे दिन श्रद्धालुओं की लबी कतारें दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए लगी रही. देश-प्रदेश के कई स्थानों से श्रद्धालु यहां पहुंचे. मंदिर परिसर में कन्या भोज, पूजन, भजन-कीर्तन, हवन, जप-तप, अनुष्ठान चलते रहे.**

देर रात तक दर्शनार्थियों का आना-जाना लगा रहा. इस मौके पर मां बगलामुखी का मनमोहक स्वर्ण श्रृंगार किया गया. हवन-अनुष्ठान की पूर्णाहुति में आहुतियां प्रदान कर भक्तों ने धर्मलाभ लिया. माता को पकवानों का विशेष भोग लगाया. नवमी पर लोगों ने अपने अपने घरों पर भी माता की पूजा अर्चना की.



दोपहर बारह बजते ही मंदिरों में बजी घंटियां होने लगी आरती

राम मंदिरों में सुबह से भक्तों ने नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी के पावन पर्व पर सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहा. नगर में स्थित चौथमल जी मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, राठौर समाज के राम मंदिर, श्री पायगा वाले हनुमान मंदिर, श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर, मूर्ति श्रीराम मंदिर धर्मशाला आदि पर दोपहर की 12 बजते ही राम व हनुमान मंदिरो में घंटी-घडियाल की आवाज के साथ ही आरती होने लगी.

इसके बाद राम मंदिरों में भगवान श्रीराम की स्तुति गाई भए प्रकट कृपाला दीनदयाला, कौशलया हितकारीकी जैसी चैपाईयां देवालयों में गूंजने लगी. भगवान श्रीराम के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालू मन्दिर में जुटे. मंदिरों में पूजा-पाठ के साथ भजन-कीर्तन सहित विभिन्ना कार्यक्रम हुए. मंदिरों में दोपहर 12 बजते ही मंदिरों में महा आरती की गई. महिलाओं द्वारा घरों व मंदिरों में रामलला को पालने में झूलाकर मंगल-गीत गाए गए. अनेक स्थानों पर रामायण पाठ, सुंदरकांड आदि के धार्मिक आयोजन हुए. इस मौके पर राम मंदिरों में भगवान का विशेष श्रृंगार किया.

## शव को अस्पताल के बाहर छोड़कर फरार

### पति पर दहेज के लिये पत्नी की हत्या का आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अप्रैल, मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अन्तर्गत हटवा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियो में मौत हो गई. 11 महीने पहले विवाह हुआ था, मायके पक्ष ने ससुराल वालो पर दहेज के लिये मारने का आरोप लगाया है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. मायके पक्ष का सीधा आरोप है कि शादी के बाद से दहेज के लिये लगातार मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ित किया जाता था.**

शीतल दुबे का विवाह आकाश दुबे से हुआ था, परिजनों के अनुसार, शादी के कुछ महीनों बाद से ही ससुराल में शीतल को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा था. पति आकाश दुबे आए दिन मारपीट करता था. कई बार मामला लडकी के मायकेवालों तक भी पहुंचा, जिन्होंने दोनों को समझाने की कोशिश की, लेकिन हालात नहीं बदले. शनिवार को अचानक शीतल के भाई के पास आकाश के पिता का फोन आया.

उन्होंने कहा कि तुम्हारी बहन बेहोश हो गई है, उसे मऊगंज अस्पताल ले जा रहे हैं, वहां पहुंच जाओ. लेकिन जब भाई अस्पताल पहुंचा तो एक और चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई. शीतल अस्पताल के बाहर एक कोने में अकेली पड़ी थी, जबकि उसका पति और ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार हो चुके थे. भाई ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और संदेह जताया कि उसकी बहन की हत्या की गई है. मृतका के शरीर पर चोट के निशान भी मिले, जिससे हत्या की आशंका और गहरी हो गई. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार पति आकाश दुबे व उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी है.